पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2018–2020

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–19] रुड़की, शनिवार, दिनांक 27 जनवरी, 2018 ई0 (माघ 07, 1939 शक सम्वत्) [संख्या–04

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	61–81	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	71–104	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	17–21	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

आबकारी अनुभाग

कार्यालय ज्ञाप

26 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 698/XXIII/2017/53/2007–शीरा नियंत्रक/आबकारी आयुक्त के पत्र संख्या 8026/शीरा परामर्श समिति गठन/2015, दिनांक 04–10–2017 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त मा0 सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल अपील संख्या 4466 ऑफ, 2007 मै0 धामपुर शुगर मिल्स लि0 बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश व अन्य में पारित आदेश दिनांक 24–09–2007 के अनुपालन में "उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964" (उत्तराखण्ड में उपान्तरित एवं अनुकूलित) की धारा 3 में उल्लिखित शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश शीरा परामर्श समिति नियमावली, 1965 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) के प्राविधानों को दृष्टिगत रखते हुए इस विषय पर निर्गत पूर्व आदेशों को अतिक्रमित करते हुए निम्नानुसार शीरा परामर्श समिति का गठन किये जाने श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

1.	आबकारी आयुक्त (शीरा नियन्त्रक)	अध्यक्ष
2.	उप आबकारी आयुक्त (शीरा)	पदेन सदस्य सचिव
3.	उद्योग निदेशक, उत्तराखण्ड अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी जो उप निदेशक स्तर से निम्न न हो	पदेन सदस्य
4.	गन्ना आयुक्त, उत्तराखण्ड अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी जो उप आयुक्त स्तर से निम्न न हो	पदेन सदस्य
5.	श्री अजय खण्डेलवाल, महाप्रबन्धक, मैसर्स राय बहादुर नारायण सिंह शुगर मिल्स लि0, लक्सर, जनपद हरिद्वार	सदस्य
6.	श्री मनमोहन शर्मा, उपाध्यक्ष, धनेश्वरी एग्रो प्रोडक्ट्स लि0, इकबालपुर, जनपद हरिद्वार	सदस्य
7.	श्री एस0एल0 शर्मा, हैड एकाउन्ट्स एण्ड कमर्शियल, उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड लिब्बरहेडी, जनपद हरिद्वार	सदस्य
8.	श्री आर0एस0 यादव, वी0पी0एच0आर0 एण्ड एडमिन, मै0 आई0जी0एल0, काशीपुर	सदस्य
9.	श्री अजय खण्डेलवाल, महाप्रबन्धक, मैसर्स राय बहादुर नारायण सिंह, शुगर मिल्स लि0, लक्सर, जनपद हरिद्वार	सदस्य
10.	श्री रामेश्वर हवेलिया, साझीदार, एल्कोहॉल डिवीजन, मै0 दून वैली डिस्टलर्स, कुंआवाला, देहरादून	सदस्य
11.	श्री सी0 एम0 शर्मा, प्रतिनिधि, मैसर्स आई0जी0एल0, काशीपुर	सदस्य
12.	निदेशक, मैसर्स जगदम्बा लिक्यूफाईड स्टील लि0 रायपुर (भगवानपुर), रुड़की, जनपद हरिद्वार	सदस्य
13.	प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड को–ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज फेडरेशन लि0	सदस्य
14.	प्रतिनिधि, मै0 आंचल कैटल फीड फैक्ट्री किच्छा बाई पास रोड, रूद्रपुर, जनपद ऊधमसिंह नगर	सदस्य
15.	प्रतिनिधि, मैसर्स तारा हेल्थ फूड्स लिमिटेड प्लाट नं0 ए0–2 ई0एस0आई0पी0, सितारगंज, जनपद ऊधमसिंह नगर	सदस्य

2. समिति द्वारा शीरा नीति को सफल बनाये जाने हेतु विगत अनुभवों व वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप सुझाव दिये जायेंगे।

आज्ञा से,

डा0 रणबीर सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

समाज कल्याण अनुभाग–04

अधिसूचना

29 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 803/XVII-4/2017–2–अ(05)/2011–श्री राज्यपाल महोदय "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड समाज कल्याण राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली, 2013 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते है :–

उत्तराखण्ड समाज कल्याण राजपत्रित अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली, 2017

संक्षिप्त नाम वं प्रारम्भ 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड समाज कल्याण राजपत्रित अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली, 2017 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम–5 में संशोधन 2. उत्तराखण्ड समाज कल्याण राजपत्रित अधिकारी सेवा में नियमावली, 2013, में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम–5 के क्रमांक–5 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्

	स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
सहायक निदेशक/जिला समाज कल्याण अधिकारी/सचिव, उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग/सचिव, उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग/सचिव, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग	50 प्रतिशत नियम–15 के अनुसार आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा और 50 प्रतिशत विभाग में मौलिक रूप से नियुक्त निम्नलिखित संवर्गों में से उनके सामने अंकित प्रतिशत के अनुसार, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम तिथि को इस रूप में न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, नियम–16 के अनुसार, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा– (एक) अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी : 40 प्रतिशत (दो) अधीक्षक, विकलांगों के लिये प्रशिक्षण केन्द्र एवं आश्रय कर्मशाला/अधीक्षक वृद्ध एवं अशक्त गृह/ अधीक्षक, भिक्षुक गृह : 10 प्रतिशत	50 प्रतिशत नियम–15 के अनुसार आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा और 50 प्रतिशत विभाग में मौलिक रूप से नियुक्त निम्नलिखित संवर्गों में से उनके सामने अंकित प्रतिशत के अनुसार, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम तिथि को इस रूप में न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, नियम–16 के अनुसार, अनुपयुक्त को स्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा– (एक) अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी : 40 प्रतिशत (दो) अधीक्षक, विकलांगों के लिये प्रशिक्षण केन्द्र एवं आश्रय कर्मशाला/अधीक्षक वृद्ध एवं अशक्त गृह/ अधीक्षक, भिक्षुक गृह/अधीक्षक, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (प्राथमिक विद्यालय) : 10 प्रतिशत

आज्ञा से,

डॉ0 रणवीर सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 309 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 803/XVII-4/17-2अ(05)/2011/**, Dehradun, dated December 29, 2017 for general information:

NOTIFICATION

December 29, 2017

No. 803/XVII-4/17-2अ(05)/2011--In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amend the Uttarakhand Social Welfare Gazetted Officers Services Rules, 2013:-

The Uttarakhand Social Welfare Gazetted Officers Service Rules, 2017

Short title and Commencement

1. (1) These Rules may be called the Uttarakhand Social Welfare Gazetted Officers Service (Amendment) Rules, 2017.

(2) They shall come into force at once.

Amendment in Rule-5

2. On the Uttarakhand Social Welfare Gazetted Officers Rules, 2013, of the existing rule 5 of serial No. 5 out in Column-1 below, the rule set out in Column-2 shall be substituted namely:

	Column-1 **Existing Rule**	**Column-2** **Rule as hereby substituted**
Assistant Director/District Social Welfare Officer/Secretary, Uttarakhand Scheduled Castes and Scheduled Tribes Commission/Secretary. Uttarakhand Other backward Classes Commission/Secretary Uttarakhand Minority Commission.	50% Direct recruitment through Commission as per rule 15 and 50% by promotion through Commission as per rule 16 such substantively appointed in the Department in following cadres according percentage mentioned in their front, who have completed minimum 05 years service as such on the first day of the year of recruitment- (i) Additional District Social Welfare Officers-40% (ii) Superintendent, Training Centre and Shelter Workshop to Handicapped/ Superintendent, Aged and Disabled Home/Superintendent, Beggar Home- 10%	50% Direct recruitment through Commission as per rule 15 and 50% by promotion through Commission as per rule 16 such substantively appointed in the Department in following cadres according percentage mentioned in their front, who have completed minimum 05 years service as such on the first day of the year of recruitment- (i) Additional District Social Welfare Officers-40% (ii) Superintendent, Training Centre and Shelter Workshop to Handicapped/ Superintendent, Aged and Disabled Home/Superintendent, Beggar Home/ Superintendent Government Assram Type School- (Primary School). 10%

By Order,

Dr. RANBIR SINGH,
Additional Chief Secretary.

प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा अनुभाग

विज्ञप्ति/नियुक्ति

29 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 2283/XLI–1/17–87/17–प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवक्ता, विद्युत के रिक्त पदों पर उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की संस्तुति के फलस्वरूप निदेशक, प्राविधिक शिक्षा के पत्रांक 1008/नि0प्रा0शि0/व्याख्याता नियुक्ति/2017–18 दिनांक 21–09–2017 के क्रम में निम्न तालिका में उल्लिखित अभ्यर्थियों को उनके सम्मुख कालम–3 में निर्दिष्ट राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में वेतनमान ₹ 15600–39100, ग्रेड पे ₹ 5400/– में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पैरा–2 एवं 3 में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन नियुक्त/तैनात करते हुए दो वर्ष की परिवीक्षा पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

क्र0सं0	अभ्यर्थी का नाम/गृह जनपद	तैनाती स्थल
1	2	3
1.	श्री अभिषेक उनियाल/देहरादून	रा0पा0, पोखरी, चमोली
2.	सुश्री प्रियंका चौहान/उत्तरकाशी	रा0पा0, क्वांसी, देहरादून
3.	सुश्री इतिका त्यागी/हरिद्वार	रा0पा0, पांबौ, पौड़ी गढ़वाल
4.	श्री किशन सिंह बिष्ट/पिथौरागढ़	रा0पा0, बाडेछीना, अल्मोड़ा
5.	सुश्री सोनम रावत/देहरादून	रा0पा0, श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल
8.	श्री कुलदीप सिंह टकोला/चमोली	रा0पा0, पिपली, उत्तरकाशी
7.	श्री सुनील मिश्रा/नैनीताल	रा0पा0, जोशीमठ, चमोली
8.	श्री पंकज नेगी/देहरादून	रा0पा0, उत्तरकाशी
9.	श्री भाष्कर नौटियाल/नैनीताल	रा0पा0, बाड़ेछीना, अल्मोड़ा
10.	श्री अभिनव छिम्वाल/नैनीताल	रा0पा0, बरम, पिथौरागढ़
11.	श्री विष्णु कुमार/हरिद्वार	रा0पा0, पोखरी, चमोली
12.	सुश्री कंचन जुयाल/चमोली	रा0पा0, नई टिहरी
13.	सुश्री प्रीति राना/उत्तरकाशी	रा0पा0, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल
14.	श्री मोहनदास/हरिद्वार	रा0पा0, गैरसैंण, चमोली
15.	श्री राहुल शर्मा/देहरादून	रा0पा0, रामनगर, नैनीताल
16.	श्री दीपक कुमार चौधरी/हरिद्वार	रा0पा0, गैरसैंण, चमोली
17.	श्री राजेश सिंह/ऊधमसिंह नगर	रा0पा0, बरम, पिथौरागढ़
18.	श्री प्रणव रावत/उत्तरकाशी	रा0पा0, जोशीमठ, चमोली
19.	सुश्री रीना रानी/हरिद्वार	रा0पा0, खटीमा, ऊधमसिंह नगर

2. उपरोक्तानुसार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रवक्ताओं की सेवाएं "उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली, 2009" के संगत सेवा नियमों तथा ऐसी समस्त सेवा शर्तों के आधार पर होगी, जो समय–समय पर शासन द्वारा निर्धारित की जायेगी।

(2.1) उक्त नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है। यदि स्वास्थ्य परीक्षण, चरित्र एवं प्रागवृत्त सत्यापन, आरक्षित श्रेणी सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों के सत्यापन आदि में कोई प्रतिकूल तथ्य/रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो सम्बन्धित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।

(2.2) सम्बन्धित प्रवक्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि वह इस विज्ञप्ति पत्र जारी होने की तिथि से एक माह के अन्दर अपनी योगदान आख्या सम्बन्धित संस्थानों में उपलब्ध कराते हुए प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, श्रीनगर एवं शासन को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

(2.3) परिवीक्षा के दौरान नवचयनित प्रवक्ताओं द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना होगा।

(2.4) निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, श्रीनगर, पौड़ी को निर्देशित किया जाता है कि वह उपरोक्त अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन कराने के उपरान्त ही सम्बन्धित संस्थानों में योगदान सुनिश्चित कराया जायेगा।

3. तैनाती स्थल/संस्थान में रिपोर्ट करने के उपरान्त निम्न सूचनाएं एवं प्रमाण–पत्र शासन में प्रस्तुत करने अनिवार्य होंगे, तदोपरान्त ही योगदान सूचना स्वीकार की जायेगी :–

(3.1) मुख्य चिकित्सा अधिकारी का निर्धारित प्रपत्र में स्वस्थता प्रमाण–पत्र।

(3.2) समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित घोषणा, जिसके वे स्वामी हों।

(3.3) अभ्यर्थी द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधीन अब तक की गयी सेवा के सम्बन्ध में घोषणा पत्र।

(3.4) एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने की घोषणा/शपथ पत्र।

(3.5) इण्डियन आफिशियल सीक्रेट एक्ट–1923 के प्राविधानों को पढ़ें जाने का प्रमाण–पत्र।

(3.6) दो राजपत्रित ऐसे अधिकारी, जो सक्रिय सेवा में हों, किन्तु उनके सम्बन्धित न हों, के द्वारा जारी प्रमाण–पत्र।

(3.7) शैक्षिक योग्यता, आयु एवं जाति से सम्बन्धित मूल प्रमाण–पत्र एवं उसकी एक प्रमाणित प्रति।

(3.8) लिखित रूप से एक "Under Taking" कि यदि पुलिस सत्यापन चरित्र एवं प्रागवृत्त के सत्यापन तथा चिकित्सा परीक्षण के पश्चात् उन्हें सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो नियुक्ति निरस्त समझी जाय।

(3.9) आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की जांच, सम्बन्धित जिलाधिकारियों से कराये जाने के उपरान्त यदि कोई प्रमाण–पत्र जाली/त्रुटिपूर्ण पाया गया, तो ऐसे अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन/नियुक्ति निरस्त समझी जायेगी।

4. चयनित अभ्यर्थी को एक बार संस्थान आवंटित हो जाने के उपरान्त पुनः किसी अन्य संस्थान में रिक्त पद पर तैनाती किये जाने का आगामी 05 वर्ष तक अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

5. अतः उपरोक्त तालिका में उल्लिखित नवचयनित व्याख्याताओं को सूचित किया जाता है कि यदि वह उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक हैं, तो प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि तक उपरोक्त प्रस्तर–1 में निर्दिष्ट तालिका में कालम–3 में उल्लिखित तैनाती स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दें, अन्यथा यह समझा जायेगा कि वह उक्त पद का कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक नहीं हैं। तद्नुसार उनके अभ्यर्थन को निरस्त किये जाने की अग्रेत्तर कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश,
अपर मुख्य सचिव।

वन एवं पर्यावरण अनुभाग–1

कार्यालय–ज्ञाप

01 जनवरी, 2018 ई0

संख्या 2231/X–1–2017–04(32)/2001–श्री पी0 के0 पात्रो (मा0व0से0–2003), कार्ययोजना अधिकारी, टौंस वन प्रभाग, पुरोला, कार्ययोजना अधिकारी, चकराता वन प्रभाग, चकराता एवं वन संरक्षक, यमुना वृत्त, देहरादून अपने कार्य के साथ–साथ अग्रिम आदेशों तक मालसी डियर पार्क, देहरादून का कार्य भी देखेंगे।

2. श्री पी0के0 पात्रो को उक्त कार्य हेतु कोई अतिरिक्त वेतन–भत्ते आदि अनुमन्य नहीं होंगे।

डॉ0 रणबीर सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग

अधिसूचना

(स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति)

14 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 1864/VII–2/18(05)–एम0एस0एम0ई0/2017–श्री एन0सी0 पंत, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हल्द्वानी द्वारा प्रस्तुत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु अनुरोध पत्र दिनांक 28–08–2017 पर सम्यक् विचारोपरान्त वित्तीय हस्त–पुस्तिका खण्ड–2, भाग–2 से 4 के मूल नियम 56(ग) एवं कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या 1844/कार्मिक–2/2002, दिनांक 09–04–2003 की शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री एन0सी0 पंत, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हल्द्वानी को दिनांक 30–11–2017 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. निदेशक, उद्योग द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकृत करने की तिथि दिनांक 30–11–2017 से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि श्री एन0सी0 पंत पर कोई विभागीय देयताएँ लम्बित न हो तथा समस्त देयताएँ यदि कोई है, की वसूली समयान्तर्गत कर ली जाय।

अधिसूचना

22 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 1989/VII–2–17/471–उद्योग/2002–एतद्द्वारा उद्योग विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड उद्योग (ज्येष्ठ समूह "क") सेवा नियमावली, 2017 में इंगित प्राविधानों के अन्तर्गत नियम–5(2) में दी गयी व्यवस्थानुसार श्रीमती कौशल्या बन्धु, संयुक्त निदेशक, उद्योग विभाग, उत्तराखण्ड को विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुतियों के आधार पर उद्योग विभाग में अपर निदेशक, उद्योग वेतनमान (स्तर–13, वेतन मैट्रिक्स ₹ 1,18,500–2,14,100) के रिक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियमित रूप से प्रोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. पदोन्नति के फलस्वरूप श्रीमती कौशल्या बन्धु को अपर निदेशक, उद्योग के पद पर उद्योग निदेशालय, देहरादून में तैनात किया जाता है।

आज्ञा से,
मनीषा पंवार,
प्रमुख सचिव।

गृह अनुभाग–1

विज्ञप्ति / पदोन्नति

18 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 807 / XX(1)-2017-3(12)2014–उत्तराखण्ड प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग के पुलिस उपाधीक्षक वेतनमान ₹ 15600–39100, ग्रेड पे ₹ 5400 (पुनरीक्षित) के पद पर प्रोन्नति कोटे के चयन वर्ष 2014–15 तथा वर्ष 2015–16 की रिक्तियों के सापेक्ष उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में सम्पन्न चयन समिति की बैठक दिनांक 28–07–2016 में लिये गये निर्णय के आधार पर प्राप्त संस्तुति के क्रम में स्थायी पुलिस निरीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत किये जाने विषयक आदेश संख्या 950/xx-1/2016-3(12)2014, दिनांक 29 जुलाई, 2016 निर्गत किये गये।

2. उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्या डीजी–एक–154–2015 दिनांक 18 अगस्त, 2017 में प्राप्त निरीक्षकों की संशोधित वरिष्ठता सूची के अनुसार लोक सेवा आयोग को अधियाचन प्रेषित किया गया। तद्क्रम में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में सम्पन्न चयन समिति की बैठक दिनांक 08–10–2017 में लिए गये निर्णयानुसार प्राप्त संस्तुति के आधार पर उक्त संदर्भित आदेश दिनांक 29 जुलाई, 2016 के प्रस्तर–1 की तालिका के क्रमांक–1, 2, 3 व 4 पर उल्लिखित निम्न अधिकारियों को पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर उनसे आसन्न कनिष्ठ की पदोन्नति तिथि से नोशनल रूप से प्रोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्र0सं0	पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु संस्तुत किये गये अधिकारियों का नाम	चयन वर्ष	अभ्युक्ति
1.	श्री परीक्षित कुमार	2006–07	श्री परीक्षित कुमार से आसन्न कनिष्ठ श्री प्रताप सिंह पांगती की निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति की तिथि दिनांक 28–01–2009 से नोशनल रूप से।
2.	श्री हरीश सिंह मेहरा	2014–15	श्री हरीश सिंह मेहरा से आसन्न कनिष्ठ श्री वीरेन्द्र सिंह रावत की निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति की तिथि दिनांक 28–11–2014 से नोशनल रूप से।
3.	श्री पंकज गैरोला	2014–15	श्री पंकज गैरोला से आसन्न कनिष्ठ श्री वीरेन्द्र सिंह रावत की निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति की तिथि दिनांक 28–11–2014 से नोशनल रूप से।
4.	श्री दिनेश चन्द्र ढौंडियाल	2014–15	श्री दिनेश चन्द्र ढौंडियाल से आसन्न कनिष्ठ श्री कान्ति बल्लभ पाण्डे की निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति की तिथि दिनांक 28–11–2014 से नोशनल रूप से।

3. उक्त पदोन्नति इस शर्त / प्रतिबन्ध के अधीन है कि नोशनल पदोन्नत के उपरान्त पदोन्नत किये जा रहे उक्त कार्मिकों के सम्बन्ध में यदि कोई प्रतिकूल तथ्य भविष्य में प्रकाश में आता है, तो इन कार्मिकों की पदोन्नति तात्कालिक प्रभाव से निरस्त कर दी जायेगी।

4. उपरोक्त कार्मिकों को उनकी नोशनल पदोन्नति की तिथि से वास्तविक पदोन्नति की तिथि की अवधि का वेतन निर्धारण प्राकल्पिक रूप से किया जायेगा तथा उक्त अवधि का एरियर देय नहीं होगा। पूर्व में निर्गत आदेश दिनांक 29 जुलाई, 2016 के शेष प्राविधान यथावत रहेंगे।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
प्रमुख सचिव।

सिंचाई विभाग

विज्ञप्ति/पदोन्नति

29 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 3165/II(1)-2017-01(42)(430)/2012—नियमित चयनोपरान्त श्री संजीव जैन, अधिशासी अभियन्ता (सिविल) को वेतनमान मैट्रिक्स लेवल 12— ₹ 78800—208200 में अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) के दिनांक 31—12—2017 के अपराह्न में रिक्त हो रहे पद के सापेक्ष पदोन्नति करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2. श्री जैन को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रख जायेगा। श्री जैन द्वारा पदोन्नति के पद पर कार्यभार उक्त पद के वास्तविक रूप से रिक्त होने पर ही ग्रहण किया जायेगा।

विज्ञप्ति/पदोन्नति

29 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 3218/II(1)-2017-01(73)/2017—नियमित चयनोपरान्त कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से श्री आनन्द सिंह बृजवाल, अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) को वेतनमान मैट्रिक्स लेवल 13क— ₹ 131100—216600 में मुख्य अभियन्ता स्तर—2 (सिविल) के पद पर पदोन्नति करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है। नवप्रोन्नत अभियन्ता को मुख्य अभियन्ता स्तर—2, अल्मोड़ा के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

2. श्री बृजवाल को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 06 माह की परिवीक्षा अवधि पर रखा जायेगा।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
प्रमुख सचिव।

कार्मिक अनुभाग—1

विज्ञप्ति/नियुक्ति

01 जनवरी, 2018 ई0

संख्या 03/XXX-1-18-12(42)/2001—भारत सरकार द्वारा चयन श्रेणी वेतनमान में 03 रिक्तियों के निर्धारण की औपचारिक स्वीकृति की प्रत्याशा में भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख कालम—3 में अंकित तिथि से भारतीय प्रशासनिक सेवा के चयन श्रेणी अपुनरीक्षित वेतनमान ₹ 37,400—67,000 + ग्रेड पे ₹ 8700/— (पे मैट्रिक्स लेवल—13) में नियुक्त किया जाता है :—

क्रमांक	अधिकारी का नाम	अनुमन्यता की तिथि
1	2	3
1.	डा0 पंकज कुमार पाण्डेय	01—01—2018
2.	डा0 रंजीत कुमार सिन्हा	01—01—2018
3.	श्री एस0ए0 मुरूगेशन	01—01—2018

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव।

गृह अनुभाग–05

अधिसूचना

04 जनवरी, 2018 ई0

संख्या 12/XX(5)/18-01(अर्द्ध0सै0) 2016–श्री राज्यपाल महोदय, भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 वर्ष, 2013) की धारा 11 की उपधारा (1) तथा धारा 40 की उपधारा (4) के अधीन सैनिक कल्याण अनुभाग द्वारा जारी की गयी अधिसूचना संख्या 1196/XX(5)/16–01(अर्द्ध0सै0)/2016 दिनांक 22–12–2016 के क्रम में उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (1) के अधीन यह घोषणा करते हैं कि नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि की लोक प्रयोजनार्थ जिला पिथौरागढ़ के ग्राम ढूगांतोली में सशस्त्र सीमा बल की 55वीं वाहिनी सीमा चौकी ढूगांतोली की स्थापना हेतु 0.251 है0 निजी भूमि की आवश्यकता है। अतः पिथौरागढ़ के कलेक्टर को निर्देश देते है कि उक्त का भूमि का अर्जन करने की कार्यवाही करें।

चूँकि, श्री राज्यपाल महोदय की यह राय है कि यह मामला अत्यावश्यक है, इसलिए उक्त अधिनियम की धारा 40 की उपधारा (4) के अधीन श्री राज्यपाल महोदय अग्रेत्तर यह निर्देश देते हैं कि यद्यपि धारा 23 के अधीन कोई अभिनिर्णय नहीं दिया गया है तथापि उक्त लोक प्रयोजनार्थ पिथौरागढ़ के कलेक्टर धारा 21 की उपधारा (1) में उल्लिखित सूचना के प्रकाशन से 15 दिन के अवसान पर नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि पर कब्जा ले सकते हैं:–

अनुसूची

जिला	परगना	मौजा	प्लाट संख्या	क्षेत्रफल (है0)
1	2	3	4	5
पिथौरागढ़	अस्कोट	ढूगांतोली	2693	0.024
			2694	0.011
			2695	0.005
			2696	0.003
			2697	0.005
			2698	0.016
			2699	0.018
			2700	0.011
			2701	0.015
			2702	0.023
			2703	0.010
			2704	0.013
			2705	0.016
			2706	0.004
			2707	0.009
			2708	0.011

1	2	3	4	5
			2709	0.001
			2710	0.003
			2711	0.013
			2712	0.005
			2713	0.008
			2714	0.004
			2715	0.019
			2717	0.004
			योग–24	0.251

टिप्पणी–भूमि का क्षेत्रफल व अन्य विवरण कलैक्टर पिथौरागढ़ के कार्यालय में हितवद्ध व्यक्ति द्वारा देखा जा सकता है।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
प्रमुख सचिव।

संस्कृत शिक्षा अनुभाग

नियुक्ति / विज्ञप्ति

19 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 1137 / XLII–1 / 2017–04(21) 2012–उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा संस्कृत शिक्षा विभाग में सहायक निदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु संस्तुत किये गये अभ्यर्थी श्री पदमाकर मिश्र पुत्र स्व0 श्री रामदुलारे मिश्र, ग्राम महमूदपुर, पत्रा0–करमदेवा, जनपद गोरखपुर, उत्तर प्रदेश को सहायक निदेशक के पद पर वेतनमान 56100–177500 (लेवल–10) में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निम्नांकित शर्तों के अधीन अस्थायी / औपबन्धिक आधार पर नियुक्त करते हुए 02 वर्ष की परिवीक्षा काल पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

(i) नियुक्त अभ्यर्थी को उक्त वेतनमान के अतिरिक्त शासन द्वारा समय–समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे।

(ii) यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थायी एवं औपबन्धिक है। यदि अभ्यर्थी के चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन की रिपोर्ट, स्थाई निवास प्रमाण–पत्र तथा शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों, आदि के सत्यापन के उपरान्त फर्जी पाये जाते है अथवा कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आता है तो नियुक्ति स्वतः ही समाप्त समझी जायेगी तथा इस सम्बन्ध में विधिक रूप से किसी भी मा0 न्यायालय में अभ्यर्थी का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा तथा वे किसी भी मा0 न्यायालय से अनुतोष प्राप्त करने के अधिकारी नहीं होंगे।

(iii) उक्त अभ्यर्थी की सेवायें उत्तराखण्ड शैक्षिक (संस्कृत शिक्षा संवर्ग) सेवा नियमावली, 2011 तथा शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित की जाने वाली सेवा शर्तों से विनियमित होंगी।

(iv) नियुक्त अभ्यर्थी की नियुक्ति मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल में दायर रिट याचिका (पी0आई0एल0) संख्या 67/2011, रिट याचिका संख्या–61/2016, रिट याचिका संख्या–05/2016, रिट याचिका संख्या–90/2016, रिट याचिका संख्या–438/2015, रिट याचिका संख्या–71/2014, रिट याचिका संख्या–76/2015, रिट याचिका संख्या–81/2015, रिट याचिका संख्या–95/2015, रिट याचिका संख्या–83/(एस0बी0)/2015, रिट याचिका संख्या–96/(एस0बी0)/2015, रिट याचिका संख्या–105/(एस0बी0)/2015, रिट याचिका संख्या–477/(एस0बी0)/2015, तथा लोक सेवा आयोग के पत्र दिनांक 23–08–2017 (छायाप्रति संलग्न) में उल्लिखित रिट याचिकाओं में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन रहेंगे।

(v) निदेशक, डॉ0 आर0एस0 टोलिया, उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के पत्र संख्या 1266/चार–31/2017 टी0सी0यू0 दिनांक 23–11–2017 में उल्लिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम/नियमों के अनुसार तथा कार्मिक विभाग के पत्र संख्या 1655/XXX–1–17–25(1)/2017, दिनांक 12–12–2017 में दिये गये दिशा–निर्देशानुसार वांछित प्रमाण–पत्रों सहित उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में दिनांक 18–12–2017 से 12 सप्ताह का प्रस्तावित आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा। तदोपरान्त निदेशक, संस्कृत शिक्षा विभाग, देहरादून के कार्यालय में निम्न प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करेंगे :–

1. शैक्षिक योग्यता एवं आयु सम्बन्धी मूल प्रमाण–पत्र एवं उनकी एक–एक छायाप्रति।
2. राज्य चिकित्सा परिषद् द्वारा प्रदत्त स्वस्थता प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
3. अभ्यर्थी द्वारा केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन अब तक की गयी सेवा (यदि कोई हो) से सम्बन्धित विभाग/प्रतिष्ठान द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र।
4. इस आशय की घोषणा कि यदि अभ्यर्थी के स्वास्थ्य परीक्षण, चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन एवं शैक्षिक अर्हता प्रमाण–पत्रों आदि के सत्यापन पर उसके सम्बन्ध में कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आता है तो उसकी नियुक्ति को स्वतः ही समाप्त समझा जायेगा।
5. दो ऐसे राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र, जो सेवारत हों तथा अभ्यर्थी के सम्बन्धी/रिश्तेदार न हों।
6. अपनी चल/अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित घोषणा पत्र।
7. विवाहित होने की स्थिति में एक से अधिक जीवित पत्नी न होने का घोषणा पत्र/शपथ पत्र।

(vi) नियुक्त अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने हेतु की गयी यात्रा के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

आज्ञा से,

उषा शुक्ला,
सचिव।

आपदा प्रबन्धन अनुभाग–1

सामुदायिक रेडियों स्टेशनों हेतु प्रोत्साहन नीति के सम्बन्ध में

28 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 2502/XVIII–(2)/17–15(22)/2016–

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,

सचिव,

उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,

उत्तराखण्ड।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रकरण पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सामुदायिक रोडियों का तात्पर्य एक ऐसी रेडियों सेवा से है, जिसमें स्थानीय लोगों की भागीदारी हो और जो लोगों को उनकी भाषा में स्थानीय परिप्रेक्ष्य में वांछित जानकारियाँ उपलब्ध करवाये व स्थानीय समस्याओं के निदान में सहायता करे। सामुदायिक रेडियों जन–जागरूकता का एक सशक्त माध्यम हो सकता है और आपदा प्रबन्धन में जागरूकता के महत्व के दृष्टिगत इस माध्यम का उपयोग आपदा से पहले आपदा के समय व आपदा के बाद सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

प्रसारित किये जाने वाले कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी होने के कारण लोग सामुदायिक रेडियों स्टेशन के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं और इसी के कारण इनके माध्यम से प्रसारित की जा रही जानकारियों की लोगों में प्रायः अधिक स्वीकार्यता होती है। सामुदायिक रेडियों द्वारा समुदाय में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने की क्षमता को स्वीकार करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सामुदायिक रेडियों स्टेशन स्थापित करने के लिये लाइसेंस प्रदान करने की नीति को अत्यन्त सरल बनाया गया है ताकि शैक्षणिक संस्थानों, सिविल सोसाईटी और स्वैच्छिक संगठन के साथ–साथ अन्य गैर–लाभकारी संगठनों के द्वारा सामुदायिक रेडियों स्टेशन स्थापित करके लोगों के मध्य विभिन्न जानकारियों का प्रचार–प्रसार किया जा सके।

उत्तराखण्ड राज्य अपनी स्थालाकृति, भूगर्भीय संरचना तथा अत्यधिक मौसमी वर्षा के कारण विभिन्न आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। विगत के अनुभव बताते हैं कि निरन्तरता में आपदाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिये सभी के द्वारा आपदा सुरक्षा उपायों का स्वैच्छिक अनुपालन करना अत्यन्त आवश्यक है। ऐसे में सही जानकारियों को सही प्रारूप व भाषा में दूर–दराज क्षेत्रों तक पहुँच पाना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। फिर यहाँ पहाड़ों में पहुँच से जुड़ी कठिनाईयों के कारण इन जानकारियों को हर जगह तक आसानी से पहुँचा पाना भी सरल नहीं है। ऐसे में सामुदायिक रेडियो, आपदा प्रबन्धन चक्र के सभी चरणों में आपदा रोकथाम, न्यूनीकरण, प्रतिवादन, संचार, सुरक्षित निर्माण खोज एवं बचाव व अन्य से जुडी विभिन्न जानकारियों के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिये एक सशक्त माध्यम के रूप में सामने आता है।

अतः उत्तराखण्ड राज्य में सामुदायिक रेडियों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ–साथ नये सामुदायिक रेडियों केन्द्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करने तथा पूर्व में स्थापित केन्द्रों को सुदृढ़ करने हेतु "सामुदायिक रेडियों स्टेशनों हेतु प्रोत्साहन नीति" को लागू किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सामुदायिक रेडियों केन्द्रों की स्थापना हेतु लाइसेंस प्राप्त संस्थान/सामुदायिक संस्थायें जो राज्य में सामुदायिक रेडियों केन्द्र स्थापित करना चाहते हैं या जिनके द्वारा राज्य में इस प्रकार के केन्द्र स्थापित किये गये हैं उन्हें उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं को गुणवत्तापरक व प्रभावी बनाने के साथ–साथ इन सेवाओं से राज्य के सुदुरवर्ती क्षेत्रों को आच्छादित करने के लिए आपदा प्रबन्धन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा सहायता एवं आवश्यक सुविधायें निम्ननुसार उपलब्ध करवायी जायेगी :–

1.1 नये सामुदायिक रेडियों केन्द्र की स्थापना के लिए सम्बन्धित संस्थानों/सामुदायिक संस्थानों को अधिकतम् ₹ 5.00 लाख की सीमा तक कुल परियोजना लागत की 30 प्रतिशत राशि एकमुश्त अनुदान के रूप में उपलब्ध करवायी जायेगी।

1.2 अनुदान प्राप्त करने के लिये सम्बन्धित संस्था को वांछित अभिलेखों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा।

1.3 राज्य सरकार द्वारा दी जा रही इस सहायता का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सामुदायिक रेडियों केन्द्रों के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से विशेष रूप में राज्य का सुदुरवर्ती क्षेत्र पूरी तरह से आच्छादित हो। अतः संसाधनों के सीमित होने की स्थिति में ऐसे जनपदों में सामुदायिक रेडियों केन्द्र स्थापित करने में इच्छुक संस्थानों/सामुदायिक संस्थाओं को प्राथमिकता दी जायेगी जो आपदा की दृष्टि से अधिक संवेदनशील हो और जहाँ पहले से सामुदायिक रेडियों केन्द्र संचालित नहीं हों।

1.4 किसी आपदा से प्रभावित होने के उपरान्त यथाशीघ्र पुनः प्रभावी रूप से सेवायें दे सकने के दृष्टिगत सरकार द्वारा सहायता प्राप्त सामुदायिक रेडियों केन्द्र को अपने सभी संसाधनों का अनिवार्य रूप से आपदा बीमा करवाना होगा।

1.5 सरकार से सहायता प्राप्त करने से पूर्व सम्बन्धित संस्थान/संस्था द्वारा संसुगत व विभाग द्वारा अनुमोदित तकनीकी संस्थान से यह पुष्टि करवानी होगी कि उनके द्वारा सामुदायिक रेडियों केन्द्र की स्थापना हेतु चयनित स्थान भू–वैज्ञानिक दृष्टि से सुरक्षित है व इस हेतु बनाये जा रहे या बनाये गये भवन के निर्माण में भूकम्प सुरक्षित निर्माण तकनीक का उपयोग न होने की स्थिति में सम्बन्धित भवन का भूकम्पीय सुदृढ़ीकरण करवाने के उपरान्त उक्त का प्रमाण–पत्र सम्बन्धित संस्थान से प्राप्त कर विभाग को उपलब्ध करवाना होगा।

1.6 राज्य सरकार से सहायता प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित संस्थान/संस्था को स्थानीय स्तर पर न्यूनतम 03 वर्षों तक कार्य करने का अनुभव अनिवार्य होगा अथवा इस अवधि से स्थानीय स्तर पर कार्यरत संस्था के सहयोग से रेडियों स्टेशन स्थापित किया जाना होगा।

1.7 राज्य में स्थापित सामुदायिक रेडियों केन्द्रों को आर्थिक स्वावलम्बन प्रदान करने तथा इनकी गतिविधियों में निरन्तरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा राज्य सरकार के साथ–साथ केन्द्र सरकार के विभागों से समन्वय कर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार–प्रचार हेतु उपलब्ध बजट के एक नियत अंश का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर जनपद स्तर पर स्थापित सामुदायिक रेडियों स्टेशनों को विज्ञापन देने के लिए किया जाये। इस प्रकार के विज्ञापनों के लिए राज्य सरकार को सूचना व जन–सम्पर्क विभाग द्वारा अनुमन्य दरें मान्य होगी।

1.8 सामुदायिक रेडियों स्टेशनों द्वारा आपदा प्रबन्धन सम्बन्धित जानकारियों को जन मानस तक पहुँचाने के लिए जनपद व राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण को सहयोग दिया जायेगा व यथा–आवश्यकता उनके द्वारा उपलब्ध करवायी गयी आपातकालीन सूचनाओं व जानकारियों के प्रसारण को सर्वोच्च वरीयता दी जायेगी। ऐसा किया जाना आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 के प्राविधानों के अनुरूप अनिवार्य है।

1.9 आपदा प्रबन्धन अधिनियम द्वारा आपातकालीन सूचनाओं के वरीयता के आधार पर प्रसारण करने की अवहेलना का दोषी पाये जाने पर विभाग सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को उक्त सामुदायिक रेडियों केन्द्र का लाइसेन्स निरस्त करने की संस्तुति करने के लिये स्वतंत्र होगा।

1.10 राज्य सरकार के सहायता प्राप्त सामुदायिक रेडियों स्टेशनों को उनके कुल प्रसारण समय का 10 प्रतिशत समय आपदा प्रबन्धन विषयक प्रचार–प्रसार हेतु आरक्षित करना होगा। इस आरक्षित समय में प्रसारित की जाने वाली जानकारियाँ सुसंगत प्रारूप में सम्बन्धित सामुदायिक रेडियो केन्द्र को उपलब्ध करवाने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण का होगा।

1.11 राज्य द्वारा सहायता प्राप्त सामुदायिक रेडियों केन्द्र को हर दूसरे माह में उसके द्वारा विगत 02 माह में प्रसारित कार्यक्रमों की कुल समयावधि का विवरण सम्बन्धित जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण को उपलब्ध करवाना होगा।

1.12 आपदा की स्थिति में विद्युत आपूर्ति के बाधित होने से सामुदायिक रेडियों केन्द्रों के संचालन में आने वाले व्यवधान के दृष्टिगत राज्य में स्थापित सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को सौर ऊर्जा चलित बनाने के लिये वैकल्पिक ऊर्जा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संयत्र आवंटित करने की संस्तुति की जायेगी व इस हेतु विभाग के साथ समन्वयन किया जायेगा। यह भी सुनिश्चित करवाया जायेगा कि इन सामुदायिक रेडियों केन्द्रों को अन्य अनुमन्य सुविधायें भी दी जायेगी।

1.13 राज्य सरकार के किसी विभाग से प्राप्त अनुदान/सहायता के आधार पर विकसित किये गये जागरूकता संसाधनों पर सम्बन्धित सामुदायिक रेडियो केन्द्रों को प्रसारण हेतु उपलब्ध करवायी जानी होगी।

1.14 राज्य में स्थापित समस्त सामुदायिक रेडियों स्टेशनों को भारत सरकार द्वारा सामुदायिक रेडियों के प्रसारण हेतु प्रख्यापित नीतिगत दिशा–निर्देशों तथा समय–समय उक्त हेतु जारी संशोधनों के अनुरूप प्रसारण व अपनी अन्य गतिविधियों का संचालन करना होगा।

1.15 सामुदायिक रेडियो केन्द्र व विभाग के मध्य मतभेद की स्थिति में विवादों के निस्तारण के लिए प्राविधान सामुदायिक रेडियो केन्द्र स्थापित करने वाली संस्थाओ के साथ किये जाने वाले एम0ओ0यू0 में रखा जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0पत्र संख्या 192 मतदेय/वित्त अनु0–5/2017, दिनांक 20 दिसम्बर, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

आज्ञा से,

अमित सिंह नेगी,
सचिव।

चिकित्सा अनुभाग–2

अधिसूचना

29 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 1828/XXVIII–2–2015/04(452) 2001–गर्भधारण पूर्व प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन का प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 (समय–समय पर यथा संशोधित) की धारा–32 के अधीन भारत सरकार द्वारा प्रख्यापित गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन का प्रतिषेध) संशोधन नियमावली, 2017 की धारा 19(ए) की उपधारा 2(ए) एवं 2(बी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल महोदय, महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून को राज्य अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त अधिनियम की धारा 21(ii) के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली अपीलों का निस्तारण उपरोक्तानुसार नियुक्त राज्य अपीलीय प्राधिकारी द्वारा किया जायेगा।

आज्ञा से,

नितेश कुमार झा,
सचिव।

अल्पसंख्यक कल्याण अनुभाग

अधिसूचना

22 दिसम्बर, 2017 ई0

संख्या 2421/XVII-3/2017–03(13)/2017–श्री राज्यपाल महोदय, 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण विभाग समूह "ग" सेवा नियमावली, 2016 में अग्रेत्तर संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण विभाग समूह–'ग' कार्मिक सेवा (संशोधन) नियमावली, 2017

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ	1.	(1)	इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण विभाग समूह–'ग' कार्मिक सेवा (संशोधन) नियमावली, 2017 है।
		(2)	यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम. 5 का संशोधन	2.	उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण विभाग समूह–'ग' कार्मिक सेवा नियमावली, 2016 (जिसे यहां आगे मूल नियमावली कहा गया है) में स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम 5 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा; अर्थात :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम			स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम		
5. भर्ती का स्रोत			5. भर्ती का स्रोत		
क्र.सं.	पदनाम	भर्ती का स्रोत या पदोन्नति का मापदण्ड	क्र.सं.	पदनाम	भर्ती का स्रोत या पदोन्नति का मापदण्ड
–	–	–	6.	लेखाकार	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे सहायक लेखाकारों में से जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 05 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो, में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
–	–	–	7.	सहायक लेखाकार	शत–प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा आयोग के माध्यम से।

नियम 8 का संशोधन

3. मूल नियमावली के वर्तमान नियम 8 को नीचे स्तम्भ–1 के स्थान पर स्तंम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा; अर्थात :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
8. आयु सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पद पर सीधी भर्ती के लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थी की आयु भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को 21 वर्ष तथा अधिकतम 42 वर्ष होगी।	8. आयु सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं सहायक लेखाकार के पद पर सीधी भर्ती के लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थी की आयु भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 42 वर्ष होगी।

नियम 9 का संशोधन

4. मूल नियमावली के वर्तमान नियम 9 (क) को नीचे स्तम्भ–1 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा; अर्थात :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम			स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम		
क्र.सं.	पदनाम	शैक्षिक अर्हता	क्र.सं.	पदनाम	शैक्षिक अर्हता
–	–	–	3.	सहायक लेखाकार	भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में स्नातक उपाधि अथवा बी.बी.ए. अथवा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एकाउन्टेन्सी तथा भारत सरकार के संस्थान डी.ओ.ई.ए.सी.सी. द्वारा प्रदत्त 'ओ' लेवल प्रमाण–पत्र के साथ कम्प्यूटर पर हिन्दी में 5000 की–डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति होनी आवश्यक है।

परिशिष्ट–'क' का संशोधन

5. मूल नियमावली के वर्तमान परिशिष्ट 'क' को नीचे स्तम्भ–1 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया परिशिष्ट रख दिया जायेगा; अर्थात :–

स्तम्भ–1
वर्तमान नियम

परिशिष्ट 'क'
(नियम–4 और 22 देखिए)
उत्तराखड अल्पसंख्यक कल्याण विभाग समूह–'ग' के पदनाम, पदों की संख्या और वेतनमान

क्रमांक	पदनाम	पदों की संख्या			वेतनमान
		निदेशालय स्तर पर स्वीकृत पद	जिला स्तर पर स्वीकृत पद	योग	
1.	प्रशासनिक अधिकारी	01	–	01	₹ 9300-34800 ग्रेड-वेतन ₹ 4600
2.	प्रधान सहायक	01	04	05	₹ 5200-20200 ग्रेड-वेतन ₹ 4200
3.	वरिष्ठ सहायक (कम्प्यूटर दक्ष)	03	08	11	₹ 5200-20200 ग्रेड-वेतन ₹ 2800
4.	सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी	02	13	15	₹ 5200-20200 ग्रेड-वेतन ₹ 2800
5.	कनिष्ठ सहायक (कम्प्यूटर दक्ष)	04	08	12	₹ 5200-20200 ग्रेड- वेतन ₹ 2000
–	–	–	–	–	–
–	–	–	–	–	–
–	योग	11	33	44	–

स्तम्भ–2
एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

परिशिष्ट 'क'
(नियम–4 और 22 देखिए)
उत्तराखड अल्पसंख्यक कल्याण विभाग समूह–'ग' के पदनाम, पदों की संख्या और वेतनमान

क्रमांक	पदनाम	पदों की संख्या			वेतनमान
		निदेशालय स्तर पर स्वीकृत पद	जिला स्तर पर स्वीकृत पद	योग	
1.	प्रशासनिक अधिकारी	01	–	01	स्तर–7 (₹ 44,900–1,42,400)
2.	प्रधान सहायक	01	04	05	स्तर–6 (₹ 35,400–1,12,400)
3.	वरिष्ठ सहायक (कम्प्यूटर दक्ष)	03	08	11	स्तर–5 (₹ 29,200–92,300)
4.	सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी	02	13	15	स्तर–5 (₹ 29,200–92,300)
5.	कनिष्ठ सहायक (कम्प्यूटर दक्ष)	04	08	12	स्तर–3 (₹ 21,700–69,100)
6.	लेखाकार	01	–	01	स्तर–6 (₹ 35,400–1,12,400)
7.	सहायक लेखाकार	02	–	02	स्तर–5 (₹ 29,200–92,300)
योग	–	14	33	47	–

आज्ञा से,

कै0 आलोक शेखर तिवारी,
अपर सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 2421/XVII-3/2017-03(13)/2017**, Dehradun, dated December 22, 2017 for general information:

NOTIFICATION

December 22, 2017

No. 2421/XVII-3/2017-03(13)/2017--In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor is pleased to make the following rules with a view to further amend "the Uttarakhand Minority Welfare Department Group 'C' Employee Service Rules, 2016:-

"The Uttarakhand Minority Welfare Department Group 'C' Employee Service (Amendment) Rules, 2017"

Short title and commencement 1- (1) These rules may be called "The Uttarakhand Minority Welfare Department Group 'C' Employee Service (Amendment) Rules, 2017".

(2) It shall come into force at once.

Amendment of Rule 5 2- In the Uttarakhand Minority Welfare Department Group 'C' Employee Service Rules, 2016" (herein after referred as Principal rules) for the existing rule 5 set out in column-1 below, the rule set out in column-2 shall be substituted ; namely: -

	Column-1 **Existing Rule**			**Column-2** **Rule Hereby Substituted**		
	5- Source of Recruitment			**5- Source of Recruitment**		
	Sl. No.	**Designa-tion**	**Source of Recruitment or Criteria for promotion**	**Sl. No.**	**Designation**	**Source of Recruitment or Criteria for promotion**
	-	-	-	6.	Accountant	By promotion from amongst substantively appointed Assistant Accountants, who, on the first day of the recruitment year, has completed 05 years of service in that capacity, on the basis of seniority rejecting unfit through the selection committee.
	-	-	-	7.	Assistant Accountant	100 percent direct recruitment through commission.

Amendment of Rule 8

3- In the principal rules, for the existing rule 8 set out in column-1 below, the rule set out in column-2 shall be substituted ; namely: -

Column-1 Existing Rule	Column-2 Rule Hereby Substituted
8- Age For direct recruitment on the post of Assistant Minority Welfare Officer, it is necessary that the candidate must have attained age of 21years and maximum 42years on the first day of the selection year.	**8- Age** For direct recruitment on the post of Assistant Minority Welfare Officer and Assistant Accountant, it is necessary that the candidate must have attained age of minimum 21years and maximum 42years on the first day of the recruitment year.

Amendment of the Rule 9

4- In the principal rules, for the existing rule 9 (a) set out in column-1 below, the rule set out in column-2 shall be substituted ; namely: -

Column-1 Existing Rule			Column-2 Rule Hereby Substituted		
Sl. No.	**Designa -tion**	**Educational Qualification**	**Sl. No.**	**Designation**	**Educational Qualification**
–	–	–	3.	Assistant Accountant	Bachelor degree with commerce from any University established under law in India or post graduate diploma in accountancy and 'O' level certificate with 5000 KDPH speed in Hindi on computer awarded by institute of Govt. of India "Department of Electronics and Accreditation of Computer Course (DOEACC)".

Amendment of the Appendix (A)

5- In the principal rules, for the existing Appendix 'A' set out in column-1 below, the Appendix 'A' set out in column-2 shall be substituted ; namely: -

Column-1 Existing Rule	Column-2 Rule Hereby Substituted
Appendix (A) (See Rule 4 and 22) Name of post, no. of posts and pay scales in Uttarakhand Minority Welfare Department	Appendix (A) (See Rule 4 and 22) Name of post, no. of posts and pay scales in Uttarakhand Minority Welfare Department

Sl. No.	Name of posts	Number of posts			Pay scale	Sl. No.	Designation	Number of posts			Pay scale
		Posts Sanctioned at directorate level	Posts Sanctioned at district level	Total				Posts Sanctioned at directorate level	Posts Sanctioned at district level	Total	
1.	Administrative Officer	01	-	01	₹ 9300-34800 Grade Pay ₹ 4600/-	1.	Administrative Officer	01	-	01	Level-7 (₹ 44900-142400/-)
2.	Head Assistant	01	04	05	₹ 5200-20200 Grade Pay ₹ 4200/-	2.	Head Assistant	01	04	05	Level-6 (₹ 35400-112400/-)
3.	Senior Assistant (Computer Efficient)	03	08	11	₹ 5200-20200 Grade Pay ₹ 2800/-	3.	Senior Assistant (Computer. Efficient)	03	08	11	Level-5 (₹ 29200-92300/-)
4.	Assistant Minority Welfare Officer	02	13	15	₹ 5200-20200 Grade Pay ₹ 2800/-	4.	Assistant Minority Welfare Officer	02	13	15	Level-5 (₹ 29200-92300/-)
5.	Junior Assistant (Computer Efficient)	04	08	12	₹ 5200-20200 Grade Pay ₹ 2000/-	5.	Junior Assistant (Computer Efficient)	04	08	12	Level-3 (₹ 21700-69100/-)
-	-	-	-	-	-	6.	Accountant	01	-	01	Level-8 (₹ 35400-112400/-)
-	-	-	-	-	-	7.	Assistant Accountant	02	-	02	Level-5 (₹ 29200-92300/-)
	Total	11	33	44			Total	14	33	47	

By Order,

Capt. ALOK SEKHAR TIWARI,
Additional Secretary.

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 04 हिन्दी गजट/10—भाग 1—2018 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक—अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2018–2020

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

